जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

प्रेस विज्ञप्ति सं0–2

गोरखपुर, 16 मार्च : पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05058/05057 आनन्द विहार–गोरखपुर–आनन्द विहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 01 फेरें के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है । फलस्वरूप 05058 आनन्द विहार से बुधवार 18 मार्च,2015 को तथा 05057 गोरखपुर से वृहस्पतिवार 19 मार्च,2015 को चलाई जायेगी ।

विशेष गाड़ी संख्या 05058 आनन्द विहार टर्मिनस से 17.10 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 17.50 बजे, मुरादाबाद से 20.30 बजे, लखनऊ(उत्तर रेलवे) से दूसरे दिन 02.10 बजे, गोण्डा से 05.20 बजे, बस्ती से 06.50 बजे, खलीलाबाद से 07.22 बजे छूटकर 08.00 बजे गोरखपुर पहॅुचेगी। इसी प्रकार विशेष गाड़ी संख्या 05057 गोरखपुर से 20.55 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 21.35 बजे, बस्ती से 22.05 बजे, गोण्डा से 23.20 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से दूसरे दिन 02.05 बजे, मुरादाबाद से 07.45 बजे, गाजियाबाद से 10.27 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 11.00 बजे पहॅुचेगी।

इस विशेष गाड़ी में साधारण श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 06, ए.सी.टू टियर श्रेणी के 01, ए.सी.थ्री टियर श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर के 02 कोच सहित कुल 17 कोच लगाये जायेगें।

(आलोक कुमार सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर